Patrika (Indore), 23th May 2020, Page-8

# आइआइटी : एक होस्टल रहेगा क्वारेंटाइन के लिए

**05 होस्टल हैं आइआइटी में, 4 ब्वॉयज 1 गर्ल्स**

**1850 स्टूडेंट्स रहते हैं इनमें**

आइआईटी इंदौर के पीआरओ सुनील कुमार बताते हैं कि फिलहाल आइआइटी के सभी होस्टल्स में डीप क्लीनिंग और सेनेटाइजेशन का काम चल रहा है और स्टूडेंट्स के आने को लेकर भी योजना बना रहे हैं। जब स्टूडेंट्स आएंगे तो उनकी थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। सभी के मोबाइल में आरोग्य सेतू एप डाउनलोड होना चाहिए। इसमें अगर कोई



स्टूडेंट्स रेड दिखता है तो एंट्री नहीं मिलेगी। थर्मल स्क्रीनिंग में निगेटिव आने वाले स्टूडेंट्स को 14 दिन के लिए क्वारेंटाइन किया जाएगा। इसके लिए एक होस्टल तैयार किया गया है। मेस में हमने एनक्लोजर तैयार किए हैं। एक बार में 100 से अधिक स्टूडेंट्स को एंट्री नहीं मिलेगी। सभी के बीच 10 फीट का फासला रहेगा।